प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.10.2023 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन नौ अक्टूबर को देवघर के सारठ में सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना की रखेंगे आधारशिला।
2. राज्यभर में पिछले चौबीस घंटे में डेंगू के सत्तर नए मामले आए सामने, मरीजों की संख्या बढ़कर हुई एक हजार अस्सी।
3. जेएसएससी ने सहायक आचार्य के छब्बीस हजार पदों पर नियुक्ति के लिए फिर से शुरू की प्रक्रिया, आज से 22 अक्टूबर तक अभ्यर्थी कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन।
4. राज्य के कई हिस्सों में 9 अक्टूबर तक हल्की बारिश की संभावना, अगले तीन दिनों में झारखंड से मॉनसून की होगी वापसी।
5. हॉन्गझोउ एशियन गेम्स में भारत ने सौ पदक जीतने का बनाया कीर्तिमान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों को दी बधाई।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन नौ अक्टूबर को देवघर के सारठ में सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। इस योजना पर लगभग पांच सौ चौंतीस करोड़ रुपए खर्च होंगे। इससे देवघर और जामताड़ा जिले में चार प्रखंडों के एक सौ नौ गांवों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल में चल रही तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए।

*****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को न्यायमयसंगत और बाधाएं सहने में सक्षम कृषि खाद्य प्रणाली पर अन्तर्राष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का नई दिल्ली में उद्घाटन करेंगी। यह सम्मेलन 12 अक्टूबर तक चलेगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अन्तर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पर परामर्श समूह जैंडर प्लेटफार्म इस सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं।

*****************

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो घाना में आयोजित 66वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व किया। वे सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा विषय पर आयोजित चर्चा में अपनी बातें रखीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन पूरे विश्व में संसदीय व्यवस्था को कारगर और लोक हितकारी बनाने में अहम योगदान कर रहा है।

*****************

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, खेल एवं युवा मामले मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं से अमृत काल के परिवर्तन निर्माता बनने का आह्वान किया है। कल भोपाल में एक निजी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में श्री ठाकुर ने कहा कि देश की प्रगति और विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेल से लेकर अंतरिक्ष और विज्ञान से लेकर स्टार्टअप के क्षेत्र तक में सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के माध्यम से अभूतपूर्व प्रगति की है।

*****************

राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह दस अक्टूबर को वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक करेंगे। वे इस मौके पर लंबित मामलों के कारण और अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा करेंगे। उग्रवादियों और अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की भी पूरी रिपोर्ट लेंगे। मुख्य सचिव की बैठक को लेकर पुलिस मुख्यालय ने तैयारी शुरू कर दी है।

****************

राज्य में पिछले चौबीस घंटे में डेंगू के सत्तर नए मामले सामने आए हैं। इस तरह अब डेंगू के कुल मरीजों की संख्या बढ़कर एक हजार आठ सौ छियासठ हो गई है। इनमें पूर्वी सिंहभूम के एक हजार अस्सी, साहिबगंज के दो सौ अस्सी, सरायकेला के एक सौ तेरह, रांची के छियत्तर, दुमका के छप्पन, धनबाद के पचास, हजारीबाग के पैंतालीस, देवघर के उनचालीस ,गिरिडीह के छब्बीस और पाकुड़ के बीस मरीज हैं।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.com पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

****************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने सहायक आचार्य के छब्बीस हजार पदों पर नियुक्ति के लिए फिर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू की है। अभ्यर्थी सात से बाइस अक्टूबर तक आय़ोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन निबंधन करा सकते हैं। झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा सहायक आचार्य की नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक हटाए जाने के बाद आयोग ने आवेदन भरने की नई तारीख जारी की है। इधर, रिम्स, रांची प्रबंधन ने सीनियर रेजिडेंट के सौ पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इनकी नियुक्ति तीन वर्ष के लिए होगी। इस बाबत योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार बारह से सत्रह अक्टूबर तक होगा।

****************

खूंटी जिले में सखी मंडलों से जुड़ी महिलायें मुद्रा योजना का लाभ लेकर स्वावलंबी बन रही हैं।

****************

राजधानी रांची में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है। सिटी–सह–ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि इस टीम में ट्रैफिक पुलिस थाना, नगर निगम और संबंधित थाना के प्रभारियों को टीम में शामिल किया गया है। इस टीम में पुलिस लाइन के बीस जवान भी होंगे, जो विभिन्न चौक–चौराहों पर लगने वाला जाम को नियंत्रित करेंगे। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह टीम कार्रवाई कर सकेगी।

****************

झारखंड उच्च न्यायालय ने पीएलएफआई के तीन उग्रवादियों पर क्राइम कंट्रोल एक्ट, सीसीए लगाने पर सहमति दे दी है। खूंटी के उपायुक्त ने उग्रवादी प्रकाश साहू, लखन गंझू और पौलुस टोपनों के खिलाफ सीसीएल लगाने की अनुशंसा गृह विभाग से की थी। गृह विभाग ने उपायुक्त की अनुशंसा को अनुमोदित कर उच्च न्यायालय को

स्वीकृति के लिए भेजा था। इन उग्रवादियों पर सीसीए लगने के उपरांत एक वर्ष तक अदालत से जमानत नहीं मिल सकेगी।

****************

दक्षिण–मध्य रेलवे के विजयावाड़ा मंडल में पावर ब्लॉक की वजह से धनबाद–अल्लापूझा एक्सप्रेस नौ से बारह अक्टुबर, हटिया–एर्नाकुलम एक्सप्रेस और हटिया–सर एसएम विश्वईसरैया बेंगलुरु एक्सप्रेस नौ अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। वहीं, आद्रा मंडल में विकास कार्यों की वजह से हटिया–खड़गपुर–हटिया एक्सप्रेस दस से पन्द्रह अक्टूबर तक आद्रा स्टेशन तक ही चलेगी, जबकि नौ से तेरह अक्टूबर तक टाटानगर– हटिया एक्सप्रेस का परिचालन बदले रुट से होगा।

****************

राज्य के कई हिस्सों में नौ अक्टूबर तक आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक अगले दो–तीन दिनों में झारखंड से मॉनसून की वापसी हो सकती है। वहीं, दस अक्टूबर से मौसम साफ होगा और तापमान में भी गिरावट आ सकती है।

****************

हॉन्गझोउ एशियन गेम्स में भारत ने अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सौ पदकों की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। भारत पच्चीस स्वर्ण, पैंतीस रजत और चालीस कांस्य जीतकर पदक तालिका में चौथे स्थान पर बरकरार है। प्रधानमंत्री ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी है। आज सवेरे भारतीय तीरंदाजों ने दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक देश को दिलाया। इनमें प्रवीण ओजस और ज्योति सुरेखा ने स्वर्ण, अभिषेक वर्मा ने रजत और अदिति स्वामी ने कांस्य पदक जीता। महिला कबड्डी में भी भारत को स्वर्ण पदक मिला। वहीं, पुरुष क्रिकेट, पुरुष कबड्डी और बैडमिंटन मेन्स डबल्स के फाइनल में भारतीय खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे।

****************

और अब संक्षिप्त खबरें

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी नौ अक्टूबर को सरायकेला–खरसांवा के राजनगर में संकल्प यात्रा कार्यक्रम करेंगे। इसे लेकर जिला भाजपा की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है।
- धनबाद जिला बार एसोसिएशन द्वारा दूर्गा पूजा को लेकर सभी अधिवक्ताओं को दो–दो हजार रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। एसोसिएशन की आमसभा में यह निर्णय लिया गया।
- चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में एक निजी कंपनी के रिकवरी एजेंट से लूट के मामले में पुलिस ने चार लुटेरों को लूट की रकम और हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया है।
- जामताड़ा जिला प्रशासन संवेदनशील इलाकों में आगामी पर्व त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था को बनाए रखने की तैयारियां शुरू कर दी है। इस सिलसिले में कोबरा बटालियन और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पैदल मार्च किया।

*******समाप्त*******